प्रेस विज्ञप्ति

राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित गांवों में यातायात शिक्षा एवं जन जागरूकता कार्यक्रम

दिनांक:–25.10.2025

श्रीमान ओम प्रकाश पुलिस आयुक्त जोधपुर के निर्देशानुसार श्री शहीन सी. पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एवं यातायात जोधपुर, श्री दुर्गाराम चौधरी अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात के सुपरविजन में श्री प्रदीप कुमार गोयल सहायक पुलिस आयुक्त यातायात पश्चिम जोधपुर के नेतृत्व में सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंति पर राष्ट्रीय और जन सुरक्षार्थ श्रद्धांजली स्वरूप यातायात जागरूकता हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–125 पर स्थित गांव चौपासनी तथा गांव चौखा में संबंधित क्षेत्राधिकार पुलिस थाना राजीव गांधी नगर से समन्वय स्थापित कर यातायात शिक्षा टीम द्वारा यातायात शिक्षा मोबाईल वैन के माध्यम से यातायात नियमों की पीपीटी तथा हेलमेट लघु फिल्म दिखाकर यातायात शिक्षा एवं जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। आमजन एवं वाहन चालकों को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी देते हुए सड़क दुर्घटनाऐं व इनसे होने वाली मौतों के आंकड़ो को बताते हुए इसमें कमी लाने हेतु समझाईश के साथ अपील की गई।

ग्रामीणजनों को हेलमेट पहनने, सीटबेल्ट लगाने, निर्धारित गति से तेज नहीं चलाने, वाहन चलाते समय मोबाईल पर बात नहीं करने, गलत दिशा में वाहन नही चलाने, नशा करके वाहन नहीं चलाने तथा नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने हेतु नहीं देने की समझाईश की। मृत्यु के प्रमुख कारणों में पालतू/आवारा पशुओं के सड़क पर आने के कारण होने वाली दुर्घटना से मालिकों/ग्रामीणजनों को अवगत करवाया व सडक दुर्घटनाओं मे कमी लाने हेतु पालतु पशु मलिकों व ग्रामीण आमजन को पशुओ को सडकों पर से हटाने के आवश्यक उपाय करने व पशुओं के सीगों पर रिफ्लेक्टर लगाने बाबत समझाईस की जाकर यातायात नियमों के पेम्पलेट वितरित किये गये।

आमजन व वाहन चलकों को सडक पर चढते व उतरते समय व सडक को पार करते समय रखी जाने वाली सावधानियों तथा सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तुरन्त अस्पताल पहुंचाने व त्वरित मदद करने वाले गुड सेमेरिटन (अच्छे मददगार) के माननीय उच्चतम न्यायालय के दिशा–निर्देशों एवं ''मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा योजना'' के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही नशामुक्ति जागरूकता हेतु विस्तृत जानकारी देते हुए नशा नहीं करने की अपील की। यातायात पुलिस आयुक्तालय जोधपुर द्वारा समस्त आमजन से अपील की जाती है कि अपना वाहन यातायात नियमों की पूर्ण पालना करते हुए चलायें।

(दुर्गाराम चौधरी)

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त

यातायात आयुक्तालय जोधपुर

यातायात पुलिस
कमिश्नरेट जोधपुर
यातायात शिक्षा एवं
जागरूकता कार्यक्रम

यातायात पुलिस
कमिश्नरेट जोधपुर
यातायात शिक्षा एवं
जागरूकता कार्यक्रम
अमल टूटा
LALIT
9

Vadilal
Freshful

अल्ट्राटेक